# यूपी में निवेश बढ़ाने को आज उद्योगपतियों से मिलेंगे योगी



**लखनऊ।** प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए मुंबई पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को कई उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे। योगी उन्हें प्रदेश में उपलब्ध अवसरों और संसाधनों के बारे में जानकारी देंगे। साथ ही लॉकडाउन के बाद प्रदेश में शुरू हुई नई इकाइयों व निवेश के नए क्षेत्र के बारे में बताएंगे। योगी की बुधवार को टाटा संस के एन चंद्रशेखरन, हीरानंदानी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. निरंजन हीरानंदानी, एलएनटी के चेयरमैन एसएन सुब्रह्मण्यम समेत उद्योग जगत से जुड़े कई लोगों से मुलाकात हो सकती है। इससे पूर्व मंगलवार को उन्होंने अभिनेता अक्षय कुमार से मुलाकात की। इस मौके पर एमएसएमई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन, एसीएस गृह अवनीश अवस्थी व एसीएस सूचना नवनीत सहगल उपस्थित थे। ब्यूरो